Fourteenth Loksabha

Session : 9
Date : 30-11-2006

Participants : Yadav Dr. Karan Singh

an>

Title: Reported shortage of Urea and DAP in Rajasthan.

डा. करण सिंह यादव (अलवर) : सभापति महोदय, देश के अन्य किसानों की तरह समूचे राजस्थान, विशेा तौर से मेरे लोक सभा क्षेत्र अलवर में गेहूं व सरसों की खेती करने वाले किसान भारी संकट में हैं। बुवाई लगभग संम्पूर्ण हो चुकी है मगर इस सीजन में यूरिया, डीएपी खाद की उपलब्धता नहीं होने के कारण आने वाली फसलों में भारी कमी होने की संभावना है। राजस्थान के लोग पड़ोस के राज्य से ब्लैक में यूरिया खरीदकर लाते हैं। राज्य सरकार का सही नियंत्रण नहीं होने से नकली खाद बाजार में बेची जा रही है और किसान ठगे जा रहे हैं।

मेरी माननीय कृाि मंत्री जी और फर्टीलाइजर मंत्री जी से प्रार्थना है कि राजस्थान में यूरिया एवं डीएपी कीअधिक मात्रा शीघ्र आवंटित करें ताकि किसान समय पर अपनी फसल को खाद देकर बचा सकें।